10.01.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

# प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी आज से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं ; सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में होंगे शामिल ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सागर में 312 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात ।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की घोषणा—वर्ष 2026 में एआई और आधुनिक तकनीक से लैस होगा भारतीय रेल।
- आज रात पृथ्वी के सबसे करीब और बेहद चमकदार दिखेगा बृहस्पति।

## प्रधानमंत्री सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान आज गुजरात पहुंचे। प्रधानमंत्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। यह चार दिवसीय पर्व सोमनाथ मंदिर की शाश्वत भावना, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह आयोजन 1026 में महमूद गजनी के आक्रमण के एक हजार वर्ष और 1951 में मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के आगमन से प्रभास पाटन में उत्सव का माहौल है।

## कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग नई तकनीक और समयबद्ध कार्यप्रणाली के साथ अधोसंरचना विकास को नई गति दे रहा है। भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित लोक निर्माण विभाग की राज्य स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के इंजीनियरों की दक्षता और समर्पण से ही सड़कों, पुलों और भवनों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि यह

प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत–2047 के विजन को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## मुख्यमंत्री सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की प्रगति को निरंतर गति दी जा रही है। आज सागर जिले की खुरई तहसील में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 312 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इन कार्यों से क्षेत्र में सड़क, भवन और बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि सरकार किसानो की हर संभव मदद करेगी।

## कृषक कल्याण वर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा कल पूरी होने जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों की रैली को फ्लैग ऑफ करेंगे। साथ ही प्रदेश के किसानों को कृषक कल्याण वर्ष में संचालित की जाने वाली गतिविधियों से अवगत करायेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले किसानों को राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं और कृषक कल्याण वर्ष में होने वाले कार्यों की जानकारी दी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कृषक कल्याण वर्ष के फोकस सेक्टर उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य-पालन और खाद्य प्रसंस्करण हैं। कृषि को लाभकारी, स्थायी एवं तकनीक आधारित रोजगार सृजन मॉडल में परिवर्तित करना है।

रेल सेवा पुरस्कार

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि विकसित भारत के लक्ष्य के लिए रेलवे को आधुनिक और भविष्य के अनुरूप बनाया जा रहा है। आज नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार–2025 समारोह में उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में रेलवे में 52 बड़े सुधार लागू किए जाएंगे।रेल मंत्री ने कहा कि तकनीक, इनोवेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का व्यापक उपयोग किया जाएगा।

साथ ही सुरक्षा, मेंटेनेंस के नए मानक और कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान रहेगा।उन्होंने कहा कि रेलवे अब औपनिवेशिक सोच से पूरी तरह मुक्त होकर आधुनिक भारत की जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ेगी।

समीक्षा उज्जैन

उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही क्रिटिकल प्रोजेक्ट्स पर विशेष फोकस रखने के निर्देश भी दिए गए।

एयरपोर्ट लैंडिंग सिस्टम

भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। एयरपोर्ट पर अब आधुनिक कैटेगरी-2 इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम शुरू कर दिया गया है। इस नई तकनीक से कोहरा, खराब मौसम और कम दृश्यता के बावजूद विमानों की सुरक्षित लैंडिंग संभव हो सकेगी। अब पायलट रनवे से करीब 350 मीटर दूरी तक भी विमान उतार सकेंगे, जिससे उड़ानों की देरी और रद्द होने की समस्या कम होगी। यह सुविधा प्रदेश में पहली बार शुरू की गई है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, इससे यात्रियों की सुरक्षा और उड़ानों की नियमितता दोनों बेहतर होंगी।

## खगोल

आज खगोल प्रेमियों के लिए खास खगोलीय अवसर है। आज शाम का यह समय गुरुदर्शन के लिए सबसे उपयुक्त है। आज पृथ्वी, बृहस्पति और सूर्य एक सीध में हैं, जिसके कारण बृहस्पति पृथ्वी के सबसे नजदीक दिखाई दे रहा है। दूरी कम होने से बृहस्पति आज सामान्य से अधिक चमकदार और बड़ा नजर आ रहा है। खगोल प्रेमी इसे पूर्व दिशा में नंगी आंखों से आसानी से देख सकते हैं। वहीं टेलिस्कोप से देखने पर बृहस्पति की पट्टियां और उसके प्रमुख चंद्रमा भी दिखाई देंगे। गुरुदर्शन का यह अवसर आज रात भर उपलब्ध रहेगा।

## मुख्यमंत्री विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विदिशा जिले के उदयपुर स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वेदांत आश्रम के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्रह्लाद पटेल और लखन पटेल भी उपस्थित रहे।

## मौसम

प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण ग्वालियर–चंबल और सागर संभाग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्र देश के 15 से अधिक जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया है। अगले दो दिनों तक ठंड और कोहरे से राहत के आसार कम हैं।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- शहडोल जिले के किसान पहली बार गर्मी में तीसरी फसल के रूप में मूंगफली और तिल की खेती करेंगे। इस बार कृषि विभाग ने मूंगफली और तिल की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया है।

- खंडवा- जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई करते हुए दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा एवं महुआ लहान जप्त किया है।

- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, सुलभ एवं टिकाऊ बनाने तथा घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई के लिए "स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील की आगरमालवा जिले में भी शुरूआत हो गई है

- भोपाल नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। आज अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दल ने मेट्रो रेल कार्पोरेशन के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अलकापुरी क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमणों को हटाते हुए 08 ट्रक कबाड़े का सामान जप्त किया।

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मप्र के राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर में रविवार प्रातः 11 बजे को सकल हिन्दू समाज द्वारा आठ बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है।